हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 जन जागरण की जिम्मेदारी समाज की भी है : आईजी रूचिवर्धन मिश्र



07 मां की भक्ति में सराबोर सिरोंज, नौ दिनों तक शक्ति की आराधना में...



खबर संक्षेप

जागरूकता शिविर में 80 लोगों ने लिया प्रशिक्षण

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 12 अक्टूबर को शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरोंज में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए गए। इसमें छात्र-छात्राओं और अन्य हितग्राहियों को यातायात नियमों, दुर्घटनाओं से बचाव और सुरक्षित वाहन संचालन की जानकारी दी गई। साथ ही लर्निंग लाइसेंस बनवाने की ऑनलाइन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताया गया। प्रतिभागियों को हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की समझाइश दी गई। दोनों शिविरों में करीब 80 लोगों ने प्रशिक्षण लेकर लर्निंग लाइसेंस सुविधा का लाभ लिया।

'कहानियां' के जरिए जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 'नमो सेवा– अनकही कहानियां' कार्यक्रम अंतर्गत 48 नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। 29 और 30 सितंबर तथा 3 और 5 अक्टूबर को नगरीय निकायों एवं जनपद क्षेत्रों में आयोजित प्रस्तुतियों में 37 नाटक टोलियों के करीब 500 कलाकारों ने भाग लिया। कलाकारों ने स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, जनकल्याणकारी योजनाओं और नागरिक कर्तव्यों के प्रति लोगों को जागरूक किया। नाटकों में गुजरात भूकंप, सर्जिकल स्ट्राइक, कोविड टीकाकरण, डिजिटल भुगतान और सौर ऊर्जा जैसे विषयों को भी दर्शाया गया। आकर्षण जनकल्याण समिति ने जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजन किया। प्रस्तुतियों का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ हुआ।

हितग्राहियों को मिली निःशुल्क रजिस्ट्री



विदिशा। स्वामित्व योजना के तहत सोमवार को ग्राम भाटनी और आदमपुर में कार्यक्रम आयोजित कर पात्र हितग्राहियों की निःशुल्क स्वामित्व रजिस्ट्री कराई गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनीष कुमार जैन की उपस्थिति में हितग्राहियों को रजिस्ट्री प्रदान की गई। आदमपुर निवासी मोतीराम पिता भाव सिंह और हाकम खान पिता उमर खान रजिस्ट्री मिलने पर प्रसन्न नजर आए। एसडीएम जैन ने बताया कि योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का कानूनी मालिकाना हक दिलाना है। उन्होंने पात्र हितग्राहियों से शिविरों में पहुंचकर योजना का लाभ लेने की अपील की। इस दौरान राजस्व पटवारी, पंचायत सचिव, सहायक, सरपंच और ग्रामीणजन मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं ने कांचमंदिर से लोहांगी अन्नपूर्णा मातामंदिर तक निकाली भव्य ध्वज यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के बैनर तले भव्य झंडा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा माधवगंज चौराहे कांच मंदिर से शुरू हुई। सैकड़ों की संख्या में शामिल महिलाएं हाथों में ध्वज लेकर माता के जयकारे लगाते हुए शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए लोहंगी पहाड़ी पर पहुंचीं। यात्रा का जगह-जगह पर फूल माला से स्वागत किया गया और फूलों की बारिश की गई। इस ध्वज यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। पिछले कई सालों से यह यात्रा निकाली जा रही है इसका आयोजन महिपाल सिंह और उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है।





विदिशा। ध्वज यात्रा जो नगर के मुख्य मार्ग माधवगंज चौराहा रेलवे स्टेशन पुरानी हॉस्पिटल रोड, नीमताल गांधी चौक से तिलक चौक, निकासा मेनरोड माधवगंज से होती हुई लोहंगी पहाड़ी पहुंची। नगर के व्यापारियों एवं धर्मप्रेमियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। मां अन्नपूर्णा यात्रा में मातृशक्ति अध्यक्ष मनोरमा दीक्षित, जया लीलानी, संयोजक अनीता श्रीवास्तव, अनामिका मंत्री, उषा श्रीवास्तव, पुरुष वर्ग में अध्यक्ष राधिका शरण दास, वीरेंद्र धाकड़, सुमित मोतियानी, राजेंद्र यादव, चेतन यादव, बबीता सिंह चौहान, हेमंत नीलम राजपूत, शक्ति अग्रवाल, रानी राजपूत, कल्पना किरार, हेमलता धाकड़, राम कुमारी दांगी, कीर्ति प्रजापति, राजाराम राजपूत, नीरज चंद्रवंशी, संजू प्रजापति, प्रशांत खत्री, रितु राजपूत, नीलेश अग्रवाल, कृष्णकांत सिंघानिया, पवन नामदेव, राजेंद्र साहू, संतोष पेंटर आदि बड़ी संख्या में भक्त राजेंद्र गिरी लोहंगी पहाड़ी पर पहुंचे। जहां सभी माता के भक्तों ने मां अन्नपूर्णा की आरती कर मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद लिया। सभी भक्तों को प्रसादी एवं फलाहार के उपरांत यात्रा संपन्न हुई। अंत में मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के संस्थापक महिपाल सिंह राजपूत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

भूमि पट्टे, आदिवासी परिवारों को मुआवजा, सड़क निर्माण और रोजगार का मुद्दा उठाया

5 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस का धरना प्रशासन को दिया सात दिन का अल्टीमेटम

बेदखली की कार्रवाई रोकने और पात्र परिवारों को दोबारा पट्टे देने की मांग उठाई गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग ने पांच सूत्रीय मांगों और आदिवासी परिवारों की समस्याओं को लेकर धरना दिया।

इस दौरान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग सहित विभिन्न वर्गों के हितों से जुड़े मुद्दे उठाए गए। कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की और सात दिन का अल्टीमेटम दिया। ज्ञापन में ग्राम मानोरा खंदा, हिनोतपुर और अन्य संबंधित क्षेत्रों की भूमि के रिकॉर्ड दुरुस्त कर पात्र हितग्राहियों को पट्टे आवंटित करने की मांग की गई। इसके साथ ही बासौदा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक निशंक जैन द्वारा विभिन्न वर्गों के लोगों को आवंटित भूमि के संबंध में कथित बेदखली की कार्रवाई रोकने और पात्र परिवारों को दोबारा पट्टे देने की मांग उठाई गई।

कांग्रेस ने ग्यारसपुर बसस्टैंड से मालादेवी मंदिर तक क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर पक्की सड़क बनाने की मांग भी रखी। पदाधिकारियों ने पढ़ाई पूरी करने के बाद भी सरकारी नौकरी से वंचित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तथा जनपद पंचायत ग्यारसपुर की 71 पंचायतों के 220 गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए गल्ला मंडी उपलब्ध कराने की मांग की। धरने में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं पूर्व प्रवक्ता अरुण अवस्थी, पूर्व विभाग कांग्रेस अध्यक्ष वैभव भारद्वाज, संगीता चंद्रावत, सुरेंद्र चौधरी, सरदार सिंह अहिरवार, रेखा बाई आदिवासी, ठाकुर सिंह आदिवासी, दुर्गाबाई आदिवासी, जसवंत आदिवासी, मुंशीलाल, रमता बाई, सुमित्रा बाई, टीमली बाई, गायत्री आदिवासी, राम सिंह भील, फूल सिंह आदिवासी, राजू मणि आदिवासी, राजू डामोर, राजेंद्र, रूप सिंह, सुरेंद्र सिंह आदिवासी, रमेश जलीय, कैलाश भील, सुंदर सिंह और मांगू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।



विदिशा। आदिवासी परिवारों को समस्याओं को लेकर धरना देते हुए लोग।

सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन

कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रभावित परिवारों के साथ धरना देकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

50 भील आदिवासी परिवारों का मुद्दा उठा

ज्ञापन में झाबुआ और धार जिले के 50 भील आदिवासी परिवारों की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस के अनुसार ग्यारसपुर तहसील के ग्राम हिनोतपुर और गोरखेड़ी पठार क्षेत्र में खेती करने और मकान बनाकर रहने वाले परिवारों को भूमि के पट्टे देकर कब्जे का अधिकार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वन विभाग की कार्रवाई में फसलें नष्ट होने से प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा देने और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग भी की गई।

सेमलखेड़ी जैन तीर्थक्षेत्र में तोड़फोड़ और लूटपाट से समाज में आक्रोश

जैन ग्रंथ को नुकसान पहुंचा, दान की रकम ले गए



विदिशा। जैन समाज ने एसपी को ज्ञापन देकर जताया विरोध।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिरोंज क्षेत्र के सेमलखेड़ी जैन तीर्थक्षेत्र में 9-10 अक्टूबर की रात तोड़फोड़ और लूटपाट की घटना के विरोध में सोमवार को विदिशा जैन समाज ने ज्ञापन सौंपा।

तारणगिरी पहाड़ी पर स्थित गुफा में अज्ञात लोग दीवार तोड़कर घुसे। उन्होंने मेन गेट का ताला भी तोड़ा। ग्रंथराज श्री अध्यात्मवाणी जी को नुकसान पहुंचाया। दान पेटी में रखी रकम निकाल ली। जैन समाज के पदाधिकारी कंछेदीलाल जैन ने बताया कि तारणगिरी पहाड़ी पर स्थित भवन सद्गुरु तारण तरण स्वामी जी की तपोभूमि से जुड़ा है। यह स्थान मुख्य क्षेत्र से आगे पहाड़ी पर स्थित है। समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर-एसपी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। सकल दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारी बसंत जैन ने कहा कि सेमलखेड़ी जैन तीर्थक्षेत्र में हुई घटना से समाज के लोग दुखी हैं। इसी मामले में कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा। समाज ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

बसंत जैन ने जिले में नशे के अवैध कारोबार और धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाओं को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने पुलिस प्रशासन से नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। सीएसपी अतुल सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हजारों का बिल देख टूटा परिवार, सेल्फॉस की गोली लेकर बिजली घर पहुंचे पति-पत्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बिजली के भारी-भरकम बिल से परेशान एक परिवार के बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हजारों रुपए का बिल आने से परेशान पति-पत्नी सेल्फॉस की गोली लेकर बिजली घर पहुंच गए। निजी अस्पताल में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने वाले उपभोक्ता ने इतनी बड़ी राशि चुकाने में असमर्थता जताई।

बिजली विभाग के अधिकारी सनी वर्गीस के अनुसार परिवार ने कई महीनों से बिल जमा नहीं किया था, जिससे बकाया राशि बढ़ गई। हालांकि बिल की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। इधर स्मार्ट मीटर लगने के बाद बढ़े बिलों को लेकर अन्य उपभोक्ता भी शिकायत कर रहे हैं। उपभोक्ता अनीता कुशवाह ने बताया कि पहले उनका बिल 200 से 300 रुपए आता था, जो अब बढ़कर 1500 से 2000 रुपये तक पहुंच गया है। उपभोक्ताओं ने बिलों की जांच कर समस्या का समाधान करने की मांग की है।



विदिशा। बिजली कंपनी के अधिकारी के सामने निकाली सल्फास।

भावांतर योजना: पंजीयन 17 तक होंगे 84 समितियों पर पंजीयन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- पंजीयन संबंधी समस्याओं के हल के लिए कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 225 में कंट्रोल रूम बनाया गया।

सोयाबीन उत्पादक किसानों को भावांतर योजना का लाभ दिलाने के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया जारी है।

खरीफ वर्ष 2026-27 के लिए पंजीयन 3 अक्टूबर से शुरू हो चुका है। इसकी अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। किसानों से समय-सीमा में पंजीयन कराने की अपील की गई है। योजना के तहत मंडी में सोयाबीन का भाव समर्थन मूल्य से कम रहने पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार मूल्य अंतर की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। इससे किसानों को बाजार भाव कम मिलने की स्थिति में आर्थिक सहायता मिल सकेगी।

जिले में पंजीयन के लिए 84 सेवा सहकारी समितियों में निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा किसान मध्यप्रदेश ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र और निजी साइबर कैफे से भी पंजीयन करा सकते हैं। इन केंद्रों पर अधिकतम 50 रुपए शुल्क निर्धारित है। पंजीयन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए नवीन कलेक्ट्रेट भवन के कक्ष क्रमांक 225 में कंट्रोल रूम बनाया गया है। किसान दूरभाष नंबर 07592-237880 या मोबाइल नंबर 6269108974 पर संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 7 बजे तक संचालित रहेगा। किसानों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द पंजीयन कराने की अपील की गई है।

नशे की रोकथाम के लिए समिति की बैठक आज

विदिशा। जिले में नशीले पदार्थों के अवैध उपयोग और नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए जिलास्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक 13 अक्टूबर को शाम 4:15 बजे कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित होगी। बैठक में नशीले पदार्थों की रोकथाम, संबंधित विभागों के बीच समन्वय और प्रभावी कार्रवाई को लेकर चर्चा की जाएगी। अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित जानकारी और अद्यतन विवरण के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में विभागीय कार्रवाई की समीक्षा कर नशे के खिलाफ समन्वित प्रयासों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाएगा।

तैराकी प्रतियोगिता में ओलंपस हाई स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 6 पदक

अभिनव शुक्ला और एकम सिंह अदक ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



ग्वालियर में 6 से 10 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में ओलंपस हाई स्कूल, विदिशा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के तैराक अभिनव शुक्ला और एकम सिंह अड़क ने कुल छह पदक जीतकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। दोनों खिलाड़ियों ने आगामी राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया है।

प्रतियोगिता में अभिनव शुक्ला ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत और 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक जीता। वहीं, एकम सिंह अदक ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक हासिल किया। उन्होंने 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले और 4×100 मीटर मेडले रिले में कांस्य पदक जीतकर कुल चार पदक अपने नाम किए। दोनों खिलाड़ी विद्यालय के स्विमिंग पूल और इवनिंग एकेडमी में नियमित अभ्यास करते हैं। उनकी सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर मोहित रघुवंशी, एकेडमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी और प्राचार्या प्रियंका सिंह ने बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। तैराकी प्रशिक्षक रमेश शुक्ला ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

साकेत के खिलाड़ी 13 पदक जीतकर लौटे, चैंपियनों का किया भव्य स्वागत

रीवा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण, 9 रजत और 2 कांस्य पदक जीते, ढोल-नगाड़ों के साथ निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

70वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा थांगता प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लौटे साकेत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के खिलाड़ियों का सोमवार को विदिशा में भव्य स्वागत किया गया।

रीवा में 5 से 10 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के 18 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने कुल 13 पदक जीतकर जिले और संस्था का गौरव बढ़ाया। इनमें 2 स्वर्ण, 9 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके अलावा 14 वर्ष बालिका वर्ग में द्वितीय और 17 वर्ष बालक वर्ग में तृतीय स्थान की ट्रॉफी भी विद्यालय के नाम रही।

स्टेशन से स्कूल तक निकाला विजय जुलूस

खिलाड़ियों के विदिशा लौटने पर रेलवे स्टेशन पर फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ रेलवे स्टेशन से विद्यालय तक विजय जुलूस निकाला गया। स्वर्ण पदक विजेताओं को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह में संस्था संचालक डॉ. कुशाग्र दीक्षित, साकेत शिशु रंजन के प्राचार्य प्रकाश शर्मा, साकेत एमजीएम स्कूल के प्राचार्य डॉ. जीडी पाटिल, विद्यालय का स्टाफ, प्रबंधन, विद्यार्थियों के अभिभावक और नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



विदिशा। प्रतियोगिता में जीतकर आने के बाद जश्न मनाते हुए खिलाड़ी।

अंश और याशिका ने जीते स्वर्ण पदक

प्रतियोगिता में अंश तिवारी और याशिका कुशवाहा ने स्वर्ण पदक जीते। रजत पदक विजेताओं में ऐश्वर्या भट्ट, देव यादव, पूनम राजपूत, तरुण मीना, पीहू सिंह राजावत, दीक्षा पटेल, सौम्या चिड़ार, इशिका राजपूत और पुष्पेंद्र रघुवंशी शामिल हैं। वहीं गौरी गोस्वामी और सेजल मीना ने कांस्य पदक हासिल किए। अबू बकर खान, प्रणव शर्मा, तेजू उपाध्याय, अमन चिड़ार और इंद्रा भट्ट ने प्रतियोगिता में सहभागिता की। संस्था संचालक डॉ. कुशाग्र दीक्षित ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-6700
सरसों
न्यूनतम भाव-6280
उच्चतम भाव-8245
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7311
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7500
शरबती
न्यूनतम भाव-3415
उच्चतम भाव-6001
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-3200
बटरी
न्यूनतम भाव-2410
उच्चतम भाव-3000
मूंग
न्यूनतम भाव-6740
उच्चतम भाव-7550
उड़द
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-8401
मक्का
न्यूनतम भाव-1140
उच्चतम भाव-2110
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3920
जौ
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-1900
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-4151

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 21639 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

नगर में संवाद से संकल्प नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न

जन जागरण की जिम्मेदारी समाज की भी है : आईजी रूचिवर्धन मिश्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत विदिशा पुलिस द्वारा आयोजित 'संवाद से संकल्प– नशामुक्त बासौदा' कार्यक्रम सोमवार को त्योंदा रोड स्थित होटल योगेश्वरी में संपन्न हुआ। जिसमें पुलिस महानिरीक्षक भोपाल देहात ज़ोन रुचिवर्धन मिश्र, उप पुलिस महानिरीक्षक भोपाल देहात रेंज राजेश सिंह चंदेल, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करना, युवाओं को नशे से दूर रखने के प्रभावी उपायों पर संवाद करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा।



गंजबासौदा। नशामुक्त कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि व अधिकारी।



गंजबासौदा। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारी।

विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और एसडीओपी शिखा भलावी, सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह, यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों तथा व्यक्ति, परिवार और समाज पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर चर्चा की गई। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए जागरूकता, निरंतर संवाद और सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही नशे की अवैध बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने में नागरिकों की सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए नशे से संबंधित अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई। एसपी रोहित कासवानी ने बताया कि नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे से जुड़ी जानकारी देने वालों के नाम गोपनीय रखे जाएंगे। शासकीय एसजीएस कॉलेज प्रभारी प्राचार्य सुमनलता गुप्ता ने युवाओं को सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में शामिल करने के साथ नियमित काउंसलिंग की सलाह दी। विद्यार्थी मानसी चौबे ने कहा कि नशे की लत छोड़ चुके लोगों का सम्मान किया जाना चाहिए, ताकि दूसरे लोग भी उनसे प्रेरित हों। विद्यार्थी जिज्ञासु कुमार ने नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित करने का सुझाव दिया। इस मौके पर विद्यालयों के प्रभारी, विद्यार्थीण भी मौजूद रहे।

आईजी ने बताए तनाव मुक्त रहने के उपाय

कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिरीक्षक भोपाल देहात ज़ोन रुचिवर्धन मिश्र ने 'तनाव मुक्त मध्यप्रदेश स्वस्थ तन, प्रसन्न मन, चेहरे पर मुस्कान' की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए हार्टफुलनेस ध्यान एवं रिलेक्सेशन के महत्व की जानकारी साझा की। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक शांति, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच को बेहतर जीवन के महत्वपूर्ण आधारों के रूप में रेखांकित किया। इस दौरान ध्यान एवं रिलेक्सेशन के माध्यम से स्वयं को तनावमुक्त रखने तथा जीवन में सकारात्मकता अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईजी रुचि वर्धन मिश्र ने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी समाज की भी है।

नशामुक्त बासौदा बनाने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने नशे से दूर रहने, युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने की शपथ ग्रहण की। सभी ने सामूहिक प्रयासों से बासौदा को नशामुक्त बनाने तथा समाज में जागरूकता का वातावरण तैयार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशे की समस्या का प्रभावी समाधान पुलिस की कार्रवाई के साथ-साथ परिवार, समाज, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से संभव है। विदिशा पुलिस ने नशे के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ाने तथा नागरिकों के सहयोग से स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में तीन छात्राओं का हुआ चयन



गंजबासौदा। राष्ट्रीय स्तर पर हुआ तीन छात्राओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ एवं डॉल्फिन स्कूल की प्रतिभाशाली छात्राओं ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया है। डिस्कस थ्रो एवं हैमर थ्रो स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तीन छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में नवांकुर विद्यापीठ की मीनाक्षी शिवहरे ने प्रथम स्थान, वहीं डॉल्फिन स्कूल की पीहू रघुवंशी द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुईं। वहीं हैमर थ्रो प्रतियोगिता में नवांकुर विद्यापीठ की वैष्णवी शर्मा ने रजत पदक अर्जित करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन उपलब्धियों के पीछे खेल प्रशिक्षक विजय शर्मा का कुशल मार्गदर्शन एवं छात्राओं की निरंतर साधना का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। तीनों छात्राओं की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं एवं उनके प्रशिक्षक को हार्दिक बधाई दी तथा आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं हैं।

छोटे करदाताओं को राहत दिलाने आयकर अधिकारी को दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पुराने टीडीएस स्रोत पर कर कटौती प्रकरणों में आ रही समस्याओं के निराकरण और छोटे करदाताओं को राहत दिलाने के लिए विदिशा टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने एमनेस्टी स्कीम लागू करने की मांग उठाई है। इस संबंध में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम ज्ञापन आयकर अधिकारी पवन कुमार को सौंपा। एसोसिएशन के पीआरओ अमित शर्मा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से पुराने टीडीएस प्रकरणों में करदाताओं को आ रही परेशानियों के समाधान के लिए विशेष राहत योजना लाने का अनुरोध किया गया है। एसोसिएशन का मानना है कि एमनेस्टी स्कीम लागू होने से पुराने मामलों के निराकरण का रास्ता खुल सकेगा और विशेष रूप से छोटे करदाताओं को राहत मिल सकती है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विदिशा टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए विकास कुमार जैन, सचिव अधिवक्ता चक्रेश जैन, सीए पार्थ पितलिया, विपिन चौरसिया, शरद सिंघवी, नितिन सोनी, देवेंद्र परिहार, अतुल गोयल, अंकित नामदेव, अर्पित शर्मा, अभिषेक जैन, दीपक नेमा और जितेश जैन सहित अनेक अधिवक्ता एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट उपस्थित रहे।

प्रेमिका और उसकी मासूम बेटी की हत्या के सनसनीखेज प्रकरण के दोषी को न्यायालय ने सुनाई दोहरे आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गत वर्ष प्रेम संबंधों में उपजे विवाद का खौफनाक अंत दो जिंदगियों की हत्या के रूप में हुआ। नगर के इस चर्चित एवं सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड के दोषी को द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार के न्यायालय से दोनों हत्याओं के लिए अलग-अलग आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अपर लोक अभियोजक डॉ. अखिलेश लाहौरी ने प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष 22 जुलाई 2025 की रात रामसखी और उसकी तीन वर्षीय बेटी मानवी की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद कमरे की दीवार पर लिपिस्टिक से संदेश भी लिखा मिला था। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी राजा उर्फ अनुज विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया और मामले में साक्ष्य जुटाकर न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया। अपर लोक अभियोजक डॉ लाहौरी के अनुसार रामसखी कुशवाह पहले पति से अलग रह रही थी और आरोपी राजा उर्फ अनुज विश्वकर्मा के साथ उसके प्रेम संबंध थे। रामसखी अपनी बेटियों के साथ गंजबासौदा में किराए के मकान में रहती थी और आरोपी भी उसके साथ ही रहता था। जुलाई 2025 में दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था। रामसखी उससे लगातार पैसों की मांग करती रहती थी जिससे विवाद होता था। इस बीच उसने रामसखी को शादी की बात करने के लिए उसके मायके भी भेजा था। जहां से लौटने पर जब उसने रामसखी से शादी के बारे में पूछा तो उसने आरोपी से शादी नहीं करने की बात कही थी। इसी के बाद आरोपी को उसके किसी अन्य व्यक्ति से संबंध होने का संदेह हुआ। वहीं रामसखी अपनी तीनों बेटियों में सबसे ज्यादा ख्याल मानवी का रखती थी। मानवी को लेकर भी आरोपी का रामसखी से कई बार विवाद हो चुका था। इसी कारण 22 जुलाई की रात राजा उर्फ अनुज विश्वकर्मा ने रात में गहरी नींद में सो रही अपनी प्रेमिका रामसखी कुशवाह और उसकी तीन वर्षीय मासूम बेटी मानवी की हत्या कर दी थी। साथ ही लिपस्टिक से दीवार पर अपने प्रेम संबंध, माफी और धोखे के बारे में लिख दिया था। पुलिस ने इस सनसनीखेज और चर्चित हत्याकांड में सिटी थाना टीआई संजय बेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद मामले को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में अपर लोक अभियोजक डॉ. अखिलेश लाहौरी ने अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए आरोपी अनुज के कृत्य को विरल से विरलतम बताते हुए कठोरतम दंड देने की मांग की।



द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार के न्यायालय ने प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों और अभियोजन के तर्कों पर विचार करने के बाद आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत दोनों हत्याओं का दोषी माना। इस मामले में आरोपी राजा उर्फ अनुज विश्वकर्मा को न्यायालय ने दोनों हत्याओं के लिए अलग-अलग आजीवन कारावास और एक-एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड जमा नहीं करने पर प्रत्येक मामले में एक-एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भी भुगतने का आदेश दिया गया है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी शासकीय लोक अभियोजक डॉ अखिलेश लाहौरी ने की।

नपा सभागृह में नामांतरण को लेकर बैठक संपन्न


हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सोमवार को नगर पालिका सभागृह में नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में 69 नामांतरण प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान नामांतरण से संबंधित प्रकरणों पर विचार-विमर्श कर नियमानुसार निर्णय लिया गया। बैठक में पार्षद नीलू चौबे सहित अन्य पार्षदगण एवं नपा अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

नपा सफाई अमला देर रात कर रहा सड़कों की सफाई


हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर पालिका के सफाई अमले ने नवरात्रि के आरंभ होने के साथ ही श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा को देखते हुए सफाई का नया अभियान शुरू कर दिया है। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश और सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव एवं स्वच्छता शाखा प्रभारी रिचा संजय भावसार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीणा के नेतृत्व में सफाई अमले ने शनिवार की रात में ही मुख्य सड़कों सहित प्रमुख देवी मंदिरों के आसपास सफाई की। जिससे तड़के से ही मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को सड़क, चौराहों और मंदिरों के आसपास गंदगी से परेशानी न उठानी पड़े। देवी पंडालों के आसपास भी नगर पालिका का सफाई अमला देर तक सफाई करता नजर आ रहा है। वहीं नगर के प्रमुख शक्तिधाम शीतला शक्ति धाम से लेकर मुख्य मार्ग की सड़कों, पारासरी पुल, प्रमुख चौराहों की सफाई की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीणा ने बताया कि पूरे नवरात्रि लगातार सड़कों की सफाई जारी रहेगी। जिससे श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। इस सफाई अभियान के दौरान पार्षद प्रतिनिधि संजय भावसार, स्वच्छता अधिकारी धीरज मीणा, वरूणेन्द्र चौबे भी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर निगरानी कर रहे हैं। उधर नागरिकों एवं श्रद्धालुओं द्वारा भी नपा के सफाई अमले के इस अभियान की सराहना की जा रही है।

नवीन अस्पताल शुरू करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर की पुरानी कृषि उपज मंडी में 34 करोड़ की लागत से बने 150 बिस्तरों वाले अस्पताल का उद्घाटन होने के बाद भी अभी तक उसका शुभारंभ नहीं हो सका है। जिसको लेकर सोमवार को पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस गोलू सेन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को दिया। जिसमें कहा गया है कि तत्काल अस्पताल चालू हो, लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ी उच्च स्तरीय जांच की जवाबदेही तय हो, अस्पताल में तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल अमला तैनात किया जाए, चिकित्सा उपकरण, एंबुलेंस, जीवनरक्षक दवाइयां और आपातकालीन सेवाएं तत्काल प्रभाव से दुरुस्त की जाएं। ज्ञापन में कहा गया है कि दीपावली से पहले अस्पताल शुरू नहीं हुआ तो युवा कांग्रेस जनांदोलन करने को बाध्य हो जाऐगी।

गायत्री मंदिर में हुआ महोत्सव का शुभारंभ

पांच कुंडीय यज्ञ की आहूतियों के साथ नवरात्रि महोत्सव शुरू


हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ की पवित्र आहुतियों और आध्यात्मिक ऊर्जा के बीच बरेठ रोड स्थित गायत्री मंदिर में नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पांच कुंडीय यज्ञ के साथ शुरू हुए इस महोत्सव में बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों ने सहभागिता कर साधना, संस्कार और सद्विचारों के प्रसार का संकल्प लिया। महोत्सव के दौरान नौ दिनों तक प्रतिदिन यज्ञ आयोजित किए जाएंगे तथा विभिन्न संस्कार निशुल्क संपन्न कराए जाएंगे।

नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत अनेक परिजनों ने 24 हजार गायत्री मंत्रों के जाप का लघु अनुष्ठान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जन्मदिन के अवसर पर अग्रिम श्रीवास्तव को शुभकामनाएं दी गईं, वहीं सोनम चिड़ार का गुरु दीक्षा संस्कार भी संपन्न हुआ। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर परीक्षा प्रभारी सुरेश सैनी का गायत्री परिजनों ने पुष्पवर्षा कर सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ परिजन गोविंद माथुर ने कहा कि गुरुदेव के विचार और उनकी चेतना समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा दे रहे हैं। उन्होंने सभी परिजनों से मंदिर में नियमित आने, गुरुदेव के विचारों को जीवन में अपनाने और उनके विभिन्न रचनात्मक अभियानों को गति देने का आह्वान किया।

मुख्य ट्रस्टी पूनम तिवारी ने बच्चों के भविष्य, व्यवहार और संस्कारों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि बच्चों का विद्यालय जाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि माता-पिता को उनकी गतिविधियों, विचारों और बातचीत पर भी ध्यान देना चाहिए। बच्चों की बातों को गंभीरता से सुनकर उन्हें सही दिशा देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चे की प्रथम गुरु मां और दूसरे गुरु पिता होते हैं। इसलिए बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, संस्कारों के विकास और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने में माता-पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में वेद प्रकाश खरे, अनिता खरे, जयराम अहिरवार, हेमलता कुशवाहा, सुनीता माथुर, सपना पांडेय, सूरज सिंह परिहार और रामवती नामदेव सहित अनेक गायत्री परिजन उपस्थित रहे। बसंत पांडेय के मार्गदर्शन में यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार विधि-विधान के साथ संपन्न कराए जा रहे हैं।

सेवा भारती का कन्या पूजन बुधवार को


फाइल फोटो

गंजबासौदा। नवरात्रि के शक्ति जागरण पर्व का संदेश सेवा बस्तियों तक भी पहुंचे और संपूर्ण समाज समरसता के साथ राष्ट्रोत्थान में भागीदार बने, सेवा भारती के इसी उद्देश्य को लेकर बुधवार को कन्या पूजन का आयोजन बेहलोट बायपास स्थित एक परिसर में सुबह 11 बजे से किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय मंत्री सेवा भारती रामेंद्र सिंह, मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग निर्मला भूरिया, विशेष अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी, डॉ. राकेश सिंह जादौन उपाध्यक्ष म.प्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अंशलेखा रोहित भावसार रहेंगी। सेवा भारती के जिलाध्यक्ष राजेश माथुर, नगर अध्यक्ष सावन अग्रवाल, जिला सचिव मयंक टांक, नगर सचिव माधव सुहाने ने अधिक से अधिक संख्या में गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की है।

धर्मपरायण एवं समाजसेवी तेजकुंवरबाई काश्यप का निधन, शोक की लहर



सिरोंज। मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप एवं भावना-शैलेन्द्र मानावत की माताजी, धर्मपरायण एवं समाजसेवी श्रीमती तेजकुंवरबाई काश्यप का आकस्मिक निधन हो गया। वे 83 वर्ष की थीं। उनके निधन का समाचार मिलते ही काश्यप परिवार सहित धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। तेजकुंवरबाई काश्यप प्रसिद्ध युवा संगीतकार एवं उद्योगपति सिद्धार्थ काश्यप तथा श्रवण काश्यप की दादीजी एवं समीक्षा और सारांश की परदादीजी थीं। उनके निधन से परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं परिचितों में गहरा दुख व्याप्त है। इस दुखद अवसर पर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं अधिवक्ता राजीव जैन ने श्रीमती तेजकुंवरबाई काश्यप के निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा इस कठिन समय में परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

डॉ. नारायण प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी के निधन पर शोक की लहर, सामाजिक संगठनों ने दी श्रद्धांजलि



सिरोंज। स्वर्गीय डॉ. नारायण प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ समाजसेवी दीपक शर्मा की माताजी के आकस्मिक निधन से नगर में शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मध्यप्रदेश शासन के अधिमान्य पत्रकार राजीव जैन सैनानी, अशोक कुशवाह, हबीब मंसूरी, चेतन पंथी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



गवेषणा संवादः मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

सागर। गवेषणा मानवोत्थान पर्यावरण तथा स्वास्थ्य जागरूकता समिति सागर द्वारा अपनी संवाद श्रृंखला को आगे बढ़ते हुए मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर संवाद का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर एस आर यादव एवं अमित कुमार मकोरिया सागर विश्वविद्यालय से उपस्थित रहे संवाद के माध्यम से मुख्यवक्ता द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के साथ सामान्य मानसिक विकारों पर चर्चा की गई साथ ही हम मानसिक रूप से किस तरह बेहतर हो सकते है इसके लिए विभिन्न लक्षणों के साथ थेरेपी सुझावों बताया गया । आयोजन में गवेषणा संस्था से अध्यक्ष डॉ मनोहर चौरसिया, इंजी. पुरुषोत्तम चौरसिया, इंजी सारांश गौतम, डॉ. त्रिपुरारी उपाध्याय, डॉ. अमरमणि, अरुणा चौरसिया, डॉ. सरिता चौरसिया, डॉ. चंदन, शिव यादव, डॉ शिव कुमार चौरसिया, बाबू लाल रजक, डॉ तरुण, ऋषि रजक, लोकेश अहिरवार, विकास चौरसिया, हेमंत पटेल जिज्ञासा लाइब्रेरी से छात्र छात्राओं रिया जैन गौरी पटेल तरुण पाल योगेश पटेल पुष्पजलि , रोहित, मुस्कान , ओम, रश्मि, अन्य लोग शामिल रहे।

झांकी पंडालों में आरती-पूजन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

मां की भक्ति में सराबोर सिरोंज, नौ दिनों तक शक्ति की आराधना में जुटे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

शारदीय नवरात्र महोत्सव के चलते नगर में इन दिनों चारों ओर भक्ति और आस्था का माहौल बना हुआ है। मां दुर्गा की आराधना के लिए नगर के प्रमुख चौक-चौराहों और विभिन्न मोहल्लों में आकर्षक झांकियां एवं पंडाल सजाए गए हैं। सुबह से लेकर देर रात तक इन पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। विशेष रूप से सुबह और शाम होने वाली आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। नगर में इस वर्ष लगभग 70 से 80 स्थानों पर मां दुर्गा की झांकियां स्थापित की गई हैं। इन झांकियों में आकर्षक साज-सज्जा के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि के समय होने वाली आरती में श्रद्धालुओं की संख्या और अधिक बढ़ जाती है। पूरा नगर मां की भक्ति में सराबोर नजर आ रहा है।

घरों में भी घटस्थापना, ज्वारे और दुर्गा पाठ के साथ आराधना

नवरात्र के दौरान केवल सार्वजनिक पंडालों में ही नहीं, बल्कि घर-घर में भी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जा रही है। अनेक श्रद्धालुओं ने अपने घरों में घटस्थापना कर ज्वारे बोए हैं और मां की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजन शुरू किया है। प्रतिदिन सुबह-शाम दीप प्रज्वलित कर दुर्गा पाठ, आरती और मंत्रोच्चार किए जा रहे हैं। कई परिवारों में श्रद्धालु नौ दिनों तक उपवास रखकर मां की आराधना कर रहे हैं। कोई फलाहार कर रहा है तो कोई अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार व्रत एवं साधना कर रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र के नौ दिन शक्ति की उपासना, आत्मसंयम और साधना के विशेष दिन माने जाते हैं। इन दिनों श्रद्धालु अपनी दिनचर्या में पूजा-पाठ को प्राथमिकता देते हुए मन की शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। नगर के मंदिरों में भी दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ पहुंच रही है।





झांकियों में धार्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



नवरात्र के अवसर पर नगर की विभिन्न झांकी समितियों द्वारा धार्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। कहीं भजन-कीर्तन के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया जा रहा है तो कहीं गरबा और नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इन आयोजनों में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कई स्थानों पर गरबा एवं अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया जा रहा है। झांकियों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु परिवार सहित पहुंच रहे हैं। शाम होते ही पंडालों में रोशनी और सजावट के बीच धार्मिक वातावरण और भी आकर्षक हो जाता है। श्रद्धालु मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना कर रहे हैं। वहीं, झांकी समितियों के सदस्य व्यवस्थाओं को संभालने के साथ धार्मिक कार्यक्रमों को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

कहीं गरबा तो कहीं भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

मां कंकाली मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु

ग्रामीण क्षेत्र में स्थित ग्राम रूसल्ली साहू के मां कंकाली मंदिर में भी नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिल रही है। यहां भक्त मां कंकाली और मां मेलडी की आराधना कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति तथा कष्टों से मुक्ति की प्रार्थना करने पहुंच रहे हैं। सुबह से ही मंदिर में पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हो जाता है। दिनभर श्रद्धालु माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर में विशेष धार्मिक वातावरण बना हुआ है। मां कंकाली के परम भक्त दीपचंद्र पंथी और मोहित पंथी ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों में मां की सेवा, पूजा-पाठ और साधना में समय कैसे बीत जाता है, इसका पता ही नहीं चलता। प्रतिदिन सुबह और शाम माता के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है। नवरात्रि शुरू होते ही जल अर्पित करने के साथ पूजन-पाठ का क्रम प्रारंभ हो जाता है। श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार उपवास और फलाहार करते हुए मां की आराधना में लीन रहते हैं।

शरीर की शक्ति के साथ मन की शक्ति भी महत्वपूर्ण

नवरात्र महोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मसंयम, संकल्प और मानसिक दृढ़ता का भी पर्व है। श्रद्धालु अपनी-अपनी मान्यताओं और परंपराओं के अनुसार साधना करते हैं। कुछ भक्त नौ दिनों तक अन्न का त्याग कर फलाहार करते हैं, तो कुछ अन्य नियमों के साथ उपवास रखते हैं। साधना का उद्देश्य अपने मन को एकाग्र करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और जीवन में सकारात्मकता बनाए रखना भी है। दीपचंद्र पंथी और मोहित पंथी के अनुसार मां की भक्ति में श्रद्धा के साथ सेवा और समर्पण का विशेष महत्व है। उनका मानना है कि शरीर की शक्ति के साथ मन की शक्ति भी महत्वपूर्ण होती है। व्यक्ति के जीवन में धैर्य, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प उसे कठिन परिस्थितियों का सामना करने की प्रेरणा देते हैं। नवरात्र के दौरान मां की आराधना के साथ अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निभाने का संकल्प भी लिया जाता है। इस प्रकार सिरोंज नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र का पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। झांकियों में गूंजते माता के जयकारे, मंदिरों में होती आरती, घरों में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर के वातावरण को भक्तिमय बना रहे हैं। आने वाले दिनों में भी नवरात्रि के विभिन्न आयोजनों के साथ श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखने को मिलेगा।

राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंजी अहिरवार ने जीते दो स्वर्ण पदक

सागर। ग्रेटमैन इंटरनेशनल स्कूल, सागर की प्रतिभाशाली एथलीट अंजी अहिरवार ने शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ में दो स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और सागर जिले का नाम रोशन किया और राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया जो अक्टूबर माह में शिवपुरी स्थित माधवराव खेल स्टेडियम में आयोजित की जाएगी है। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षाः कलेक्टर प्रतिभा पाल ने प्रगति लाने के दिए निर्देश

सागर। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना की समीक्षा की। बैठक में जिले के समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान स्वामित्व योजना से जुड़े आवश्यक ऑनलाइन ऐप और संपूर्ण प्रक्रिया का पुनः विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, ताकि धरातल पर काम में और तेजी लाई जा सके। कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए हैं कि राजस्व और ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मैदान में उतरकर काम में जुटे। उन्होंने कहा कि पटवारियों के साथ पंचायत सचिव भी प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें।

सनातन हिन्दू एकता रथ यात्रा का होगा भव्य स्वागत : अभिषेक भार्गव

गढ़ाकोटा। सनातन हिन्दू एकता रथ यात्रा एवं गौ सम्मान आव्हान अभियान की तैयारियों को लेकर शनिवार को बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में अभिषेक भार्गव ने कहा कि जब भी कोई धार्मिक आयोजन होता है तो लोगों में श्रध्दा और विश्वास और भी बढ़ता है संत महात्मा हम सब के बीच में धार्मिक आयोजन करते है। जिससे सनातन एकता बनी रहे धर्म का लाभ सभी को मिलता रहे इसी कड़ी में 13 अक्टूबर को सनातन सद्भावना एकता रथ यात्रा के अंतर्गत महराज धीरेन्द्र शास्त्री महराज का गढ़ाकोटा आगमन हो रहा है।

हत्या के प्रयास में पुरुष और महिला आरोपी गिरफ्तार

सागर। गोपालगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर एक पुरुष और एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 10 अक्टूबर की रात ग्राम तिली में पुरानी रंजिश को लेकर प्रद्युम्न के साथ विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की नीयत से धारदार कटर से उसकी गर्दन और दाढ़ी के नीचे वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।फरियादी की रिपोर्ट पर गोपालगंज थाने में अपराध क्रमांक 497/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन तथा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

सागर। कलेक्टर द्वारा जिले में निर्वाचन साक्षरता क्लब के पंजीयन एवं ऑनलाइन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार शैक्षणिक संस्थानों में ईएलसी के पंजीयन एवं ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ट्रांसफार्मर से करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत, देर शाम तक नहीं हटाया शव



विदिशा। करंट लगने के बाद ट्रांसफार्मरों के तारों पर ही चिपका रहा मोर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

जनपद पंचायत ग्यारसपुर की ग्राम पंचायत इमलावदा के ग्राम देहलवाड़ा में सोमवार सुबह राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत का मामला सामने आया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, पीएचई विभाग के ट्रांसफार्मर में करंट लगने से मोर की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद देर शाम तक मोर का शव ट्रांसफार्मर से नीचे नहीं उतारा गया था।

घटना को लेकर ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय पक्षी मोर ट्रांसफार्मर तक कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह जांच का विषय है। घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। जांच और कार्रवाई की जरूरत है। राष्ट्रीय पक्षी मोर वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे में उसकी मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही ट्रांसफार्मर से मोर के शव को सुरक्षित तरीके से नीचे उतारने और नियमानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने की जरूरत है।

आईटीआई में 26 रिक्त सीटों पर 15 अक्टूबर तक प्रवेश का मौका

विदिशा। जिले के लटेरी, सिरोंज और नटेरन शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2026 के तहत रिक्त 26 सीटों पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन पंजीयन और व्यवसाय चयन कर सकते हैं। सिरोंज में वेल्डर की 13 और मोटर मैकेनिक की 2, नटेरन में मोटर मैकेनिक की 2 और आरएसी की 4 तथा लटेरी में कोपा की 5 सीटें रिक्त हैं। प्रवेश के लिए 50 रुपए का भुगतान कर पोर्टल पर लॉगिन करना होगा।

प्रशासन की पहलः हुडको के सहयोग से 5 शासकीय विद्यालयों को मिला फर्नीचर, 1500 विद्यार्थियों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला प्रशासन की पहल पर हुडको संस्था के सहयोग से जिले की पांच प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं को विद्यार्थियों की सुविधा हेतु बेंच एवं डेस्क उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल के अंतर्गत कुल 325 फर्नीचर (बेंच एवं डेस्क) वितरित किए गए हैं, जिससे लगभग 1500 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लटेरी तहसील के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल आनंदपुर को 60, शासकीय हाई स्कूल जावती को 95, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उनारसी कला को 60 तथा बासौदा तहसील के शासकीय हाई स्कूल खजूरी को 50 एवं शासकीय हाई स्कूल बरमड़ी को 60 बेंच-डेस्क प्रदान किए गए हैं।

विद्यालयों में फर्नीचर उपलब्ध होने से विद्यार्थियों के लिए बेहतर एवं व्यवस्थित बैठने की सुविधा सुनिश्चित हुई है। साथ ही अनुकूल शैक्षणिक वातावरण निर्मित होने से बच्चों में नियमित रूप से विद्यालय आने तथा अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ी है। जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिले की प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत शेष लगभग 30 हजार विद्यार्थियों के लिए भी नीति आयोग के माध्यम से फर्नीचर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

ओपन कैंपस ड्राइव 14 को, फाइनेंस अप्रेंटिसशिप का मिलेगा अवसर

विदिशा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय विदिशा में 14 अक्टूबर को प्रतिष्ठित कंपनी हेवलेट पैकार्ड एंटरप्राइज (एचपीई) की ओर से फाइनेंस अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के तहत ओपन कैंपस ड्राइव आयोजित किया जाएगा। इसमें वाणिज्य और प्रबंधन विषयों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिलेगा। ड्राइव में सत्र 2025-26 में बीकॉम, बीबीए, एमकॉम और एमबीए उत्तीर्ण वे विद्यार्थी पात्र होंगे, जिनकी पढ़ाई अकाउंटिंग एवं फाइनेंस से संबंधित विषयों में हुई है। पंजीयन सुबह 9:30 से 10:30 बजे तक होगा। इसके बाद कंपनी का परिचय, परीक्षा, मूल्यांकन और साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चयन का परिणाम उसी दिन शाम 4 बजे घोषित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को बायोडाटा, कक्षा 10वीं-12वीं और संबंधित स्नातक या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अंकसूचियां साथ लानी होंगी। प्राचार्य डॉ. वनिता बाजपेई के मार्गदर्शन में महाविद्यालय का प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ आयोजन की व्यवस्थाएं कर रहा है। करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने पात्र विद्यार्थियों से भाग लेने की अपील की है।

श्रीहरि वृद्धाश्रम में कवि गोष्ठी और संगीत कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

श्री हरि वृद्धाश्रम में कवि गोष्ठी एवं संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया, वहीं संगीत प्रस्तुतियों ने माहौल को मधुर और आनंदमय बना दिया।

साहित्य, संगीत और आपसी सद्भाव के बीच उपस्थित लोगों ने आत्मीयता के साथ समय बिताया। कार्यक्रम में इतिहासकार गोविन्द देवलिया, समाजसेवी मनोज कटारे, कवि ब्रज श्रीवास्तव, ओपी चतुर्वेदी, केसर जहां, रवि तलरेजा, विजय श्रीवास्तव, सोहेल अहमद, पत्रकार कमल रैकवार, मुकेश शर्मा वशिष्ठ, अनुज भार्गव, सोबरन सिंह और कोमल सिंह 'कोमल' सहित अन्य लोग शामिल हुए। श्रीमती इंदिरा शर्मा, उनकी दोनों बेटियां, शाश्वत शर्मा, अमिताभ शर्मा, गायक गजेंद्र शर्मा और दिनेश तिवारी भी उपस्थित रहे। कवि गोष्ठी में रचनाओं के माध्यम से जीवन के अनुभवों और संवेदनाओं को अभिव्यक्त किया गया। इस दौरान वेदप्रकाश शर्मा और शिवकुमार तिवारी का जन्मदिन भी मनाया गया। उपस्थित साथियों ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की।



रामलीला उत्सव में रामकथा के प्रसंगों ने दिया मर्यादा का संदेश

चित्रकूट के लीला गुरुकुल संस्थान ने किया मंचन, भक्ति गायक अनूप जलोटा की प्रस्तुति ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन विदिशा के सहयोग से लटेरी के मेला ग्राउंड में पांच दिवसीय श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन किया गया।

तीन से सात अक्टूबर तक चले उत्सव में भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की लीलाओं का मंचन किया गया। प्रस्तुतियों के माध्यम से सत्य, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा, मर्यादा और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। आम नागरिकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया था। चित्रकूट के लीला गुरुकुल संस्थान की परिकल्पना पर आधारित इस आयोजन में रीवा के योगेश त्रिपाठी ने आलेख, पटना के सीताराम सिंह ने संगीत संयोजन और भोपाल के रामचंद्र सिंह ने निर्देशन किया। प्रसिद्ध भक्ति गायक अनूप जलोटा ने गायन प्रस्तुत कर आयोजन को भक्तिमय बनाया। उत्सव के दौरान शंकर विवाह, श्रीराम जन्म, ताड़का वध, अहल्या उद्धार, धनुष यज्ञ, श्रीराम विवाह, वनगमन, केवट प्रसंग, भरत मिलाप, सीता हरण, शबरी प्रसंग, राम-सुग्रीव मैत्री और लंका दहन का मंचन हुआ। अंतिम दिन लंका युद्ध, रावण वध और श्रीराम राज्याभिषेक की प्रस्तुतियों ने धर्म की विजय का संदेश दिया। सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्रीरामलीला जैसे कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रति आभार जताया। साथ ही संस्कृति विभाग और सभी कलाकारों के योगदान की सराहना की।



इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के पंजीयन 19 अक्टूबर तक होंगे

विदिशा। इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2026-2028 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गए हैं। इच्छुक युवा 19 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, वेल्डिंग, कुकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी सहित 63 कौशल शामिल हैं। चयन प्रक्रिया जिला, राज्य, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर होगी। राष्ट्रीय विजेताओं को वर्ष 2028 में जापान में होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

स्वास्थ्य और सकारात्मक कार्यस्थल पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गर्ल्स कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य क्लब द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर संवादात्मक सत्र एवं गतिविधियां आयोजित की गईं। इसमें प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्राओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं सकारात्मक कार्यस्थल के निर्माण में मानसिक स्वास्थ्य और आपसी सामंजस्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक असमुरारी नंदन मिश्रा ने आत्मसम्मान, परस्पर आदर और सकारात्मक कार्यस्थल संस्कृति पर विचार रखे। उन्होंने निराला की रचना 'राम की शक्ति पूजा' के माध्यम से मानसिक दृढ़ता और विपरीत परिस्थितियों में अडिग रहने का संदेश दिया। संगीत विभाग की छात्राओं ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किए। वहीं, कर्मचारियों के लिए व्यक्तित्व प्रश्नोत्तरी और 'तारीफों के पुल' गतिविधि आयोजित की गई। मंच संचालन क्लब प्रभारी नीतू दांगी ने किया। डॉ. ज्योति जादौन, डॉ. शांता अहिरवार, अभिलाषा साहू और अरुणा शर्मा ने सहयोग दिया।

रबी सीजन में 1.46 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य, 12 दिन में 9202 मीट्रिक टन बंटा

स्टॉक 45 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा, फिर भी डीएपी खाद के लिए भटक रहे किसान

डबल लॉक केंद्रों पर डीएपी खाद की कमी से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में रबी सीजन 2026-27 की बोवनी की तैयारियों के बीच खाद की उपलब्धता और किसानों को उसके वितरण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जिला कृषि विभाग के आंकड़ों में 12 अक्टूबर तक जिले में 45,337 मीट्रिक टन उर्वरक का स्टॉक शेष बताया जा रहा है, लेकिन दूसरी ओर किसान डीएपी खाद के लिए एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक तक चक्कर काटने को मजबूर हैं। कई किसानों को खाद के लिए 50 से 100 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ रही है। ऐसे में सवाल यह है कि जब जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक बताया जा रहा है, तो जरूरत के समय किसानों को डीएपी खाद क्यों नहीं मिल पा रही है? जिला कृषि विभाग ने रबी सीजन के लिए कुल 1 लाख 46 हजार 500 मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, जिले में 12 अक्टूबर 2026 तक 54,540 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध था। इसमें से 9,202 मीट्रिक टन का वितरण दर्ज किया गया। जबकि 45,337 मीट्रिक टन स्टॉक शेष बताया गया है। हालांकि, कुल उपलब्धता और शेष स्टॉक के आंकड़ों में तीन मीट्रिक टन का अंतर है। ऐसे में आंकड़ों के मिलान और उर्वरकवार उपलब्धता की स्थिति स्पष्ट करना भी जरूरी है।



यूरिया का लक्ष्य 80 हजार मीट्रिक टन, 12 दिन में 4925 टन वितरण

कृषि विभाग ने रबी सीजन 2026-27 के लिए यूरिया का लक्ष्य 80 हजार मीट्रिक टन निर्धारित किया है। विभागीय जानकारी के अनुसार, 1 अक्टूबर से 12 अक्टूबर के बीच 4,925 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया। इस अवधि में यूरिया खाद की उपलब्धता 17,775 मीट्रिक टन खाद बताई गई है। वहीं, डीएपी खाद का लक्ष्य 40 हजार मीट्रिक टन रखा गया है। 1 से 12 अक्टूबर तक 4,010 मीट्रिक टन डीएपी खाद का वितरण दर्ज किया गया। आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि में कुल उर्वरक वितरण में यूरिया और डीएपी खाद की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही। इसके बावजूद डीएपी की उपलब्धता को लेकर किसानों की शिकायतें यह सवाल खड़ा करती हैं कि खाद किस डबल लॉक केंद्र पर कितनी मात्रा में पहुंची और उसका वितरण किन क्षेत्रों में किया गया।

लक्ष्य के मुकाबले वितरण, डीएपी खाद की उपलब्धता पर सवाल

रबी सीजन में गेहूं, चना और अन्य फसलों की बोवनी के लिए किसानों को समय पर खाद की जरूरत है। इसके बावजूद जिले के कुछ खाद वितरण केंद्रों और डबल लॉक केंद्रों पर डीएपी खाद की कमी की शिकायतें सामने आ रही हैं। किसानों का कहना है कि बोवनी का समय नजदीक होने के कारण खाद की जरूरत लगातार बढ़ रही है।लेकिन मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों के मुताबिक, यदि कृषि विभाग और जिला विपणन संघ ने समय रहते मांग के अनुसार डीएपी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे होते।तो ऐसी स्थिति से बचा जा सकता था। अब किसानों को दूसरे क्षेत्रों में खाद तलाशनी पड़ रही है। इससे समय और परिवहन खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। बोवनी के महत्वपूर्ण समय में खाद के लिए भटकने से खेती की तैयारियां भी प्रभावित होने की आशंका है।

एनपीके और एसएसपी खाद का वितरण भी कम

कृषि विभाग के हेड क्लर्क कमलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि एनपीके उर्वरक का लक्ष्य 15 हजार मीट्रिक टन और एसएसपी का लक्ष्य 10 हजार मीट्रिक टन तय किया है। 1 से 12 अक्टूबर के बीच एनपीके खाद का वितरण 190 मीट्रिक टन और एसएसपी का वितरण 72 मीट्रिक टन दर्ज किया गया। इसी अवधि में एमओपी का वितरण पांच मीट्रिक टन बताया गया है।

इन आंकड़ों के आधार पर जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण की नियमित समीक्षा जरूरी हो गई है। खासकर जिन क्षेत्रों में बोवनी का दबाव अधिक है। वहां मांग के अनुसार उर्वरक पहुंचाने की व्यवस्था करनी होगी। केवल जिले में कुल स्टॉक की जानकारी देना पर्याप्त नहीं है। बल्कि यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि किस ब्लॉक और वितरण केंद्र पर कौन-सा उर्वरक कितनी मात्रा में उपलब्ध है।

गेहूं का रकबा घटाने, दलहन तिलहन बढ़ाने की तैयारी

इस रबी सीजन में गेहूं का रकबा घटाने और दलहन-तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। कृषि विभाग फसल विविधीकरण पर जोर दे रहा है, लेकिन खाद की उपलब्धता और समय पर वितरण इस योजना के लिए भी महत्वपूर्ण रहेगा। किसान जागृति संगठन और भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से खाद का स्टॉक बढ़ाने तथा किसानों को जरूरत के मुताबिक उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की है।

इनका कहना है

रबी सीजन में बोवनी के दौरान खाद की मांग बढ़ने की संभावना है। ऐसे में उपलब्ध स्टॉक के आधार पर वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी जरूरी है, ताकि किसानों को जरूरत के समय खाद के लिए परेशान न होना पड़े। खासकर यूरिया और डीएपी की उपलब्धता तथा वितरण पर विशेष नजर रखनी होगी।

केपी भगत, उपसंचालक कृषि अधिकारी रायसेन

एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

बिजली कटौती से सूख रही धान किसं ने दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

खेतों में धान की फसल को पानी की जरूरत है, लेकिन बिजली कटौती किसानों की चिंता बढ़ा रही है। बार-बार बिजली गुल होने और रात में पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिलने से धान की फसल सूखने का खतरा पैदा हो गया है। इससे किसानों के सामने फसल बचाने के साथ रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो रहा है। बिजली आपूर्ति की इसी समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ तहसील सिलवानी ने सोमवार को मोर्चा खोलते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। भारतीय किसान संघ ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिलवानी के नाम एसडीएम के स्टेनो को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि विद्युत विभाग द्वारा लोड शेडिंग के नाम पर दिन में कई बार बिजली कटौती की जा रही है। रात में चार घंटे बिजली देने के बजाय केवल एक घंटे आपूर्ति की जा रही है, इससे अटल ज्योति योजना के तहत मिलने वाली बिजली भी पर्याप्त नहीं मिल पा रही है।

रात में चार घंटे के बजाय एक घंटे मिल रही बिजली

ज्ञापन में कहा कि धान की फसल को इस समय पर्याप्त पानी की जरूरत है। बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। इससे फसल प्रभावित हो रही है और किसानों की मेहनत पर पानी फिरने की आशंका बढ़ गई है। संघ ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि समस्या का जल्द समाधान जरूरी है।

भारतीय किसान संघ ने प्रशासन से मांग की कि विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से चर्चा कर बिजली कटौती की समस्या का तत्काल निराकरण कराया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। संघ ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का संतोषजनक समाधान नहीं किया तो किसान संघ धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

टीएल बैठक में की सीएम हेल्पलाइन, अभियानों तथा योजनाओं की समीक्षा

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समयावधि में निराकरण करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा विभागवार सीएम हेल्पलाईन, शासन की विभिन्न योजनाओं तथा कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को गंभीरता के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाईन अधिक समय तक लंबित ना रहे। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले 50 दिवस से अधिक समयावधि की 594 सीएम हेल्पलाईन लंबित हैं, इन्हें शीघ्रता से निराकृत किया जाए। सभी एसडीएम और तहसीलदार अभियान के रूप में सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का निराकरण कराएं। इसी प्रकार स्वामित्व योजना अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण कार्य को भी पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। नगरीय निकायों में लंबित सीएम हेल्पलाइन की भी निकायवार समीक्षा करते हुए सभी सीएमओ को निराकरण में तेजी लाने के



निर्देश दिए गए। साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत कराने और पीएम आवास योजना में डीपीआर बनाकर स्वीकृति हेतु जिला कार्यालय भेजने सीएमओ को निर्देश दिए।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृति कार्य और सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर समयावधि में पूर्ण कराने के लिए कहा। महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवनों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा। स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण कराने तथा समय पर छात्रवृत्ति वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सीएमएचओ तथा अन्य अधिकारियों को एएनसी रजिस्ट्रेशन, हाईरिस्क प्रेगनेंट वुमन का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, मातृ मृत्यु दर, शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम और आयुष्मान योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के लंबित आवेदनों पर नाराजगी व्यक्त कर श्रम पदाधिकारी को शीघ्रता से निराकरण हेतु निर्देश दिए। बैठक में खनिज विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, सहकारिता, कृषि सहित अन्य विभागों के कार्यो और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। विकासखण्डों से एसडीएम, जनपद सीईओ तथा सीएमओ सहित खण्ड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला रायसेन ने मनाया स्थापना दिवस

कर्मियों के अधिकार, सम्मान व समस्याओं के समाधान पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस बालक हायर सेकंडरी स्कूल, बरेली में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर संघ गीत से हुई। संघ गीत जिला सचिव ब्रजेश सिंह ठाकुर द्वारा लिया गया। कार्यक्रम में कर्मचारी हितों, संगठन की एकता तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव रहे। वक्ताओं ने संगठन की स्थापना के उद्देश्यों और कर्मचारी हितों के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष, केवी मेवाड़ा, संभागीय सचिव, विजय रैकवार, भारतीय मजदूर संघ जिला रायसेन के जिला मंत्री अरविंद सिंह ठाकुर, भवूत सिंह खूते, बीएस किरार एवं जिला अध्यक्ष शरद द्विवेदी की अध्यक्षता रही। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी शासन की योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कर्मचारियों के अधिकारों, सम्मान, सेवा संबंधी समस्याओं और जायज मांगों के समाधान के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। संगठन की मजबूती के लिए समन्वय, अनुशासन और सक्रिय सहभागिता पर भी जोर दिया गया।

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी (मुख्य अतिथि) ने ह्यसबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयासह्ल की भावना के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों की सराहना की। कार्यक्रम के पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने आगामी 26 अक्टूबर को आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों से सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने कर्मचारी हितों से जुड़े विषयों पर एकजुट होकर अपनी आवाज उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारी एकता को मजबूत करना, संगठन के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना तथा कर्मचारी कल्याण के लिए सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाना रहा। पूर्व संभाग अध्यक्ष किशोर सिंह ठाकुर, प्रदेश सदस्य नीता श्रीवास्तव, अवधनारायण सक्सेना, साहब सिंह धाकड़, नारायण सिंह किरार, अशोक व्यास, कमलेश पाराशर, जगन्नाथ प्रसाद धाकड़, हनुमत सिंह धाकड़ आदि मौजूद रहे।

पीआईसी की बैठक में निलंबन की अनुशंसा का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया



बरेली। क्षेत्र की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी नगर परिषद में निर्माण कार्य प्रभावित हो रही है। इसका मुख्य कारण नगर परिषद के उपयत्रि लंबे समय से बिना सूचना गायब हो जाना बना हुआ है। नगर परिषद के अध्यक्ष सीएमओ पार्षदों और निर्माण शाखा से जुड़े कर्मचारियों के फोन न उठाए जाने कार्यालय न आने से संवादहीनता की स्थिति बनी हुई है।

कार्य प्रभावित हो रहे हैं

6 अक्टूबर को हुई पीआईसी की बैठक में उपयंत्री शशांक शाह इनवाती के लंबे समय से बिना सूचना गायब बने रहने फोन ना उठाने का मुद्दा छाया रहा। बैठक में विभिन्न योजनाओं निकाय निधि से स्वीकृत निर्माण कार्य के एस्टीमेट तकनीकी स्वीकृति एवं प्रगतिरत कार्यों के बिल तैयार नहीं किए जाने से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उपयंत्री द्वारा फोन रिसीव न करने के साथ निर्माण कार्यों में व्यक्तिगत रुचि ना लेना भी चर्चा का विषय बना रहा। उपनयंत्री 28/9/26 से बगैर सूचना कार्य से अनुपस्थित बने हुए हैं। पीआईसी बैठक में समिति के सदस्यों ने संपूर्ण जानकारी के अवलोकन उपरांत सर्व सम्मति से उपयंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की अनुशंसा एवं अन्य उपयंत्री की पदस्थापना कराए जाने संचानालय नगरीय प्रशासन को संकल्प प्रस्ताव भेजने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

लंबे समय बाद आए थे उपयंत्री

पिछले वर्ष और चालू वर्ष में महिनो से नगर परिषद में प्रभारी उपयंत्री रहे जिससे नगर परिषद के निर्माण कार्य प्रभावित बने रहे। उपयंत्री की पद स्थापना के बाद उनकी कार्यप्रणाली और कार्यों में रुचि न लेने बिना सूचना गायब हो जाने से निरंतर नगर परिषद के निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। शायद इसी कारण मजबूर होकर नगर परिषद के द्वारा किसी उपयंत्री को निलंबित किए जाने का पहली बार प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैल के हमले में युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/ बेगमगंज

तहसील के मवई गांव में सोमवार को खेत में काम कर रही 18 वर्षीय युवती पर बैल ने अचानक हमला कर दिया। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए तुरंत अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मवई गांव निवासी 18 वर्षीय युवती अपने परिजनों के साथ खेत पर काम कर रही थी। इसी दौरान घर के पालतू बैल ने अचानक उग्र रूप धारण कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बैल ने युवती को सींगों से उठाकर पटक दिया। युवती जमीन पर गिर गई और चीखने-चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग दौड़े, तब तक बैल ने उसे कई बार पटका और रौंद दिया। बड़ी मुश्किल से परिजनों ने बैल को काबू में किया और घायल युवती को संभाला। युवती के सिर, छाती और पेट में गभीर चोटें आई थीं। खून अधिक बहने से उसकी हालत नाजुक हो गई थी। परिजन उसे निजी वाहन से बेगमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जा रहे थे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने जांच के बाद युवती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बेगमगंज थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह हादसा है।

नवरात्रि पर्व में फलाहारी आइटम हुए महंगे, बिगड़ा बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरुआत होते ही फलाहारी आयटमों के दामों में भी वृद्धि देखने को मिली। सभी फलाहारी आयटमों में 30 से 40 प्रतिशत दामों में उछाल आया है। इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं की रसोई में पड़ा है। व्रत में सबसे ज्यादा उपयोग होने वाले साबूदाना और सिंघाड़े आटे के दाम आसमान पर हैं। 60 रुपए में बिकने वाला साबूदाना के दाम सीधे 80 से 100 रुपए किलो हो गए हैं। इसी तरह सिंघाड़े के आटे के दाम भी 100-120 से सीधे 150-160 रुपए किलो हो गए। मूंगफली के दाने 150 रुपए किलो तो वहीं 20 रुपए किलो मिलने वाला आलू सीधे 30-40 रुपए किलो में बिका। इसी तरह शकरकंद के दाम भी 40 से 60 रुपए किलोग्राम रही। वहीं मूंगफली 60-80 रुपए किलो बिकी। इसी तरह फलों के दामों में भी उछाल देखने को मिला। अमरूद 40 रुपए दर्जन बिकने वाले केले 60 रुपए दर्जन हो गए। सेब एवं अनार फल 120-150 रुपए किलो से सीधे 200-220 रुपए किलो हो गए। वहीं अनानास 90 रुपए नग हो गया। फलों के अलावा घी-तेल दामों में भी 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है।

सभी तरह के ड्रायफ्रूट्स के दामों में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई

ड्रायफ्रूट्स के दामों में भी वृद्धि का क्रम जारी है। सभी तरह के ड्रायफ्रूट्स के दामों में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी तरह ग्रीन ड्रायफ्रूट्स 50-60 रुपए का एक नग मिल रहा है। काजू, बादाम, किशमिश, मखाना के दाम भी बढ़ गए हैं। पहले 800 रुपए किलो बिकने वाला काजू अब 1000 से 1100 रुपए किलो तक पहुंच गया है। इसी तरह पूजन सामग्री भी महंगी हो गई है। नारियल, चुनरी, धूप-अगरबत्ती और कलश के दामों में भी 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। दुकानदारों का कहना है कि मांग बढ़ने और आवक कम होने से दाम बढ़े हैं। वहीं महिलाओं का कहना है कि महंगाई के कारण व्रत का बजट बिगड़ गया है। एक परिवार में 9 दिन के फलाहार पर अब 3 से 4 हजार रुपए तक खर्च आ रहा है, जो पहले 2 हजार में हो जाता था।

शारदीय नवरात्रि महोत्सव के दौरान आस्था और भक्ति का माहौल बना हुआ है

विंध्यवासिनी देवी दरबार में आस्था का सैलाब, निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

विंध्याचल की पहाड़ी पर स्थित मां विंध्यवासिनी देवी दरबार में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के दौरान आस्था और भक्ति का माहौल बना हुआ है। मां के दरबार के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यहां श्री देवी भागवत महापुराण कथा, यज्ञ सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को हनुमान मंदिर थाना प्रांगण से मां विंध्यवासिनी दरबार तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। वहीं पुरुष आगे-आगे चलते हुए यात्रा में सहभागी बने। भक्ति और उत्साह के साथ निकली इस कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली। यात्रा के मां विंध्यवासिनी दरबार पहुंचने के साथ ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत किया गया। वर्ष 2025 में मां विंध्यवासिनी धाम को तीर्थ क्षेत्र की संज्ञा मिलने के बाद यह स्थान बाड़ी नगर की धार्मिक पहचान और आस्था के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है। नवरात्रि के अवसर पर



यहां श्रद्धालुओं को संतों के दर्शन और धार्मिक आयोजनों में शामिल होने का लाभ मिल रहा है। दरबार में गुरुदेव पीठेश्वर जी महाराज, रमनरेती, श्रीधाम वृंदावन तथा परम पूज्य सद्गुरुदेव मलूक पीठाधीश्वर जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के सान्निध्य में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। श्री देवी भागवत महापुराण कथा का वाचन गोपाल आचार्य जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से किया जा रहा है। वहीं नवचंडी यज्ञ आचार्य प्रद्युम्न जी महाराज, श्रीधाम वृंदावन के मार्गदर्शन में यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मां दरबार के पुजारी कृपा नाथ सेवा-धर्म का निर्वहन कर रहे हैं। आयोजन में प्रमुख यजमान ठाकुर हिमाचल सिंह पटेल गडरवास तथा ठा. अंकित पटेल जनपद उपाध्यक्ष हैं। विंध्यवासिनी दरबार सेवा समिति के प्रमुख सदस्य राकेश नाथ ने बताया कि 11 अक्टूबर को घट स्थापना एवं जवारे स्थापित किए गए। 12 अक्टूबर को कलश यात्रा निकाली गई और इसी दिन से कथा-प्रवचन प्रारंभ हुए। प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रतिदिन कन्या भोज भी कराया जा रहा है। 20 अक्टूबर को मां विंध्यवासिनी दरबार में महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा।